# सौदामिनी

के वि वि आयोग
CERC

जुलाई – सितम्बर, 2018 | केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग | खण्ड–I अंक–18


## केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के स्थापना दिवस की बीसवीं वर्षगांठ - 24 जुलाई, 2018

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अपनी बीसवीं वर्षगांठ आयोजित की। सर्वप्रथम सचिव महोदय ने आयोग के अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आयोग के अध्यक्ष माननीय श्री पी.के. पुजारी ने स्पष्ट किया यद्यपि आयोग अर्द्धन्यायिक निकाय है तथापि यह सरकार की नीतियों एवं प्राथमिकताओं को पूर्ण रूप से मान्यता प्रदान करता है तथा विनियामक प्रोत्साहन के लिए लिए सरकार से पूर्ण सामंजस्य स्थापित करने का भी प्रयास करता है। अपने अभिभाषण में श्री पी. के. पुजारी ने समस्त स्टाफ सदस्यों को आयोग के बीस वर्ष पूरे होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे देश की प्रजातांत्रिक व्यवस्था में अर्थव्यवस्था की विभिन्न क्षेत्रों में विनियामक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि सभी सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी उद्यम पूर्ण रूप से लोगों के हितों की रक्षा करें। इस अवसर पर आयोग के माननीय सदस्यों ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था में विनियामकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विकास के लाभ सभी लोगों तक पहुंचे। इस अवसर पर सचिव महोदय ने आयोग की उपलब्धियों को रेखांकित किया। अंत में स्टाफ सदस्यों ने अपनी जिज्ञासाओं को लेकर विद्युत क्षेत्र से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न भी किए और अपने कार्य को बेहतर बनाने के लिए कुछ सुझाव भी दिए जिनका वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समुचित समाधान भी किया गया।

स्थापना दिवस की कार्यवाही का सफल संचालन डॉ. एस.के. चटर्जी (सं. प्र.) विनियामक मामले द्वारा किया गया। इसके अलावा समस्त स्तर के स्टाफ द्वारा सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। स्थापना दिवस समारोह के इस शुभ अवसर पर आयोग के सभी सदस्यगण एवं वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

स्थापना दिवस के दूसरे सत्र में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया जिसमें देश के दो प्रतिष्ठित कवियों को आमंत्रित किया गया। कवियों ने अपनी रसपूर्ण एवं विचारशील कविताओं से स्टाफ सदस्यों को आनंदित किया। इस सत्र का सफल संचालन डॉ. राजेन्द्र प्रताप सहगल, राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया।

### स्थापना दिवस समारोह: कुछ महत्वपूर्ण झलकियाँ









सौदामिनी

के वि वि आयोग
CERC

जुलाई – सितम्बर, 2018 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग खण्ड–। अंक–18

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक - 27.09.2018

आयोग के स्तर पर गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सितम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही बैठक दिनांक 27.09.2018 को आयोग के सचिव एवं अध्यक्ष रा.भा.का.स. श्री सनोज कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी गई एवं मुख्य समारोह में पुरस्कार वितरण एवं प्रतिष्ठित गीतकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस बैठक में राजभाषा कक्ष द्वारा समय–समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ–साथ अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों के आयोजन की सराहना की गई। बैठक में सभी प्रभागों की पिछली तिमाही के दौरान हिंदी प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। विचार–विमर्श के दौरान मानक मसौदे के अधिकाधिक इस्तेमाल व धारा 3(3) के शतप्रतिशत अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। बैठक में सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन और हिंदी के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सितम्बर माह के दौरान हिंदी पखवाड़े का आयोजन तथा विभागीय प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन करने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। इसके साथ ही सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि हिंदी पखवाड़े के मुख्य समारोह एवं पुरस्कार वितरण के दौरान व्यंग्य पाठ के लिए प्रतिष्ठित व्यंग्यकारों को आमंत्रित किया जाए। इसके साथ–साथ राजभाषा के प्रचार–प्रसार के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। इस बैठक में समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया।



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के दौरान विचार–विमर्श

## केविविआ में हिंदी पखवाड़ा (01 सितम्बर - 15 सितम्बर, 2018) का आयोजन

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग में हिंदी पखवाड़े के दौरान तीन प्रतियोगिताओं श्रुतलेख प्रतियोगिता (दिनांक 04.09.2018), निबंध प्रतियोगिता (दिनांक 07.09.2018) और गीतगायन प्रतियोगिता (दिनांक 13.09.2018) आयोजित की गई।

इन समस्त प्रतियोगिताओं में कुल 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। श्रुतलेख में साहित्य एवं राजभाषा से संबंधित पैराग्राफ एवं आयोग में प्रचलित तकनीकी शब्दावली के हिंदी समानांतर शब्दों को लिखवाया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में ऊर्जा संकट : चुनौतियाँ एवं समाधान, यक्तित्व विकास में खेलों का महत्व, हिन्दी साहित्य में प्रेमचन्द का योगदान, भारत डिजिटलीकरण की ओर, जीवन और योग, इच्छा–मृत्यु का अधिकार, पर्यावरणीय संकट : चुनौतियाँ और समाधान, ग्लोबल वार्मिंग : समस्या व निदान जैसे सामयिक विषयों को शामिल किया गया।

इसके साथ ही गीत–गायन प्रतियोगिता में सभी प्रकार के गीतों को स्वर–लय के आधार पर मूल्यांकित किया गया जिसमें निर्णायक के रूप में संगीत विशेषज्ञ को भी आमंत्रित किया गया। 14 सितम्बर, 2018 को हिंदी दिवस के अवसर पर आयोग के सचिव महोदय के हस्ताक्षर से अपील जारी की गई। इस अपील में समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से अपने संवैधानिक दायित्व को निर्वाह करते हुए अपना कामकाज हिंदी में करने पर बल दिया गया।

समस्त प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान दिनांक 26 सितम्बर, 2018 को आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शील्ड/प्रमाणपत्र एवं नगद राशि प्रदान की गई। इसके अलावा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए। मुख्य समारोह में गीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमें देश के दो प्रतिष्ठित गीतकारों को आमंत्रित किया गया। दोनों गीतकारों ने सामयिक महत्व के सामाजिक–सांस्कृतिक विषयों पर सारगर्भित एवं विचारोत्तेजक कविताओं से वातावरण को ऊर्जा से सराबोर कर दिया। पुरस्कार वितरण समारोह का एवं गीत संध्या का डॉ. राजेन्द्र प्रताप सहगल, राजभाषा अधिकारी द्वारा संचालन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।



ऊर्जा संरक्षण की शक्ति आपके हाथ में है

के वि वि आयोग
CERC

# सौदामिनी

जुलाई – सितम्बर, 2018 | केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग | खण्ड–I अंक–18


















आयोग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण समारोह : कुछ झलकियाँ

ऊर्जा संरक्षण की शक्ति आपके हाथ में है

# सौदामिनी

के वि वि आयोग
CERC

जुलाई – सितम्बर, 2018 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग खण्ड–I अंक–18


## श्री ए.एस. बख्शी का कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें भावभीनी विदाई

श्री ए.एस. बख्शी ने केविविआ में सदस्य के पद पर दिनांक 05 अगस्त, 2014 को कार्यभार ग्रहण किया और दिनांक 23 जुलाई 2018 को अपना कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें स्टाफ द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष श्री. पी.के. पुजारी ने श्री ए.एस. बख्शी, सदस्य की उत्कृष्ट कार्यशैली और बेहतर कार्यनिष्पादन की प्रशंसा की। आयोग के सचिव तथा सभी सदस्यों ने भी उनके अथक परिश्रम व प्रशासकीय नेतृत्व को रेखांकित किया और उनके सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर समस्त प्रभागों के प्रमुखों एवं विभिन्न स्तर के स्टाफ सदस्यों ने उनके साथ कार्य के दौरान बिताए अविस्मरणीय क्षणों को सांझा किया। अंत में श्री ए.एस. बख्शी, सदस्य ने अपने कार्यकाल के दौरान अध्यक्ष एवं सभी सदस्यगण तथा समस्त स्टाफ के प्रति अपने हार्दिक उद्‌गार व्यक्त किए। इसके साथ महोदय ने समस्त सदस्यों को उनके सहयोग व आत्मीय व्यवहार के लिए धन्यवाद दिया। तदनंतर आयोग में सभी स्तर के स्टाफ द्वारा प्राप्त सम्मान, सहयोग व स्नेह का उल्लेख करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

विदाई समारोह में अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री ए.एस. बख्शी, सदस्य को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस विदाई समारोह का संचालन आयोग के डॉ. एस.के. चटर्जी, संयुक्त प्रमुख (वि.मा.) द्वारा किया गया।





श्री ए.एस. बख्शी का कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें भावभीनी विदाई

## 11वें विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन

11वां विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन दिनांक 18.08.2018 से 21.08.2018 तक मॉरीशस में किया गया। इस सम्मेलन में हिन्दी के विकास और सरलीकरण तथा प्रौद्योगिकी में हिन्दी के उपयोग जैसे कई महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हिन्दी के अनेक महत्वपूर्ण विद्वानों एवं हिन्दी के कामकाज से जुड़े अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया। इस विश्व हिन्दी सम्मेलन में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के स्तर पर गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य श्री महेश गुप्ता, सहायक प्रमुख (लेखा) ने प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया और उन्होंने अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।


**संरक्षक**
ए.के.सिंघल
सदस्य

www.cercind.gov.in

**संपादक मंडल**
सनोज कुमार झा, सचिव
कमल किशोर, सहायक प्रमुख
राजेन्द्र सहगल, राजभाषा अधिकारी



कृपया इस पते पर अपनी प्रतिक्रिया भेजें :
**केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग**
भूतल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, 36 जनपथ,
नई दिल्ली–110001
Email : info@cercind.gov.in